

# न्यूजीलैंड ने जीता टी-20 का चौथा मुकाबला

## न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

**चेन्नई, 08 फरवरी. टिम साइफर्ट ( 65 ) और ग्लेन फिलिप्स ( 42 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया.**

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही. मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिये. इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई. 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया. ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली. 13वें ओवर में मोहम्मद नबी ने टिम साइफर्ट को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया. टिम साइफर्ट ने 42 गेदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 65 रन बनाये. मार्क चैपमैन 17 गेंदों में 28 रन को 16वें ओवर में ओमरजई ने आउट किया.



### अफगानिस्तान ने था जीता टॉस

न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में 183 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया. डैरिल मिचेल 14 गेंदों में (25) और कप्तान मिचेल सैंटनर आठ गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे. अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिये. अजमतउल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया. ससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े.

# भारत-पाक मैच पर 3 पार्टियों की मीटिंग

**लाहौर, 08 फरवरी. भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है.**

मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं. बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं.



हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली, लेकिन पाकिस्तान ने उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध में कोलंबो में भारत का मैच नहीं खेलने की कसम खाई. जैसा कि क्रिकबज़ ने शनिवार को बताया, पाकिस्तान का यह कदम एक बड़े मुद्दे में बदल गया है, जिसमें दुर्लभ फ़ोर्स मेज्योर क्लॉज़ का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वैधता को आईसीसी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था.

## एक नजर में



### भांबरी-सुरेश की डबल्स जीत

**बेंगलुरु.** भारतीय टेनिस फैंस के लिए यह वीकेंड कितना शानदार रहा! युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने हिम्मत और पक्के इरादे का शानदार नमूना पेश किया, और सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल की डच जोड़ी पर 7-6, 3-6, 7-6 से अहम डबल्स मैच जीत लिया. इस जीत के साथ, भारत डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-1 की बढ़त बना चुका है - और सच कहूं तो, यह इससे ज़्यादा ड्रामैटिक नहीं हो सकता था. यह मैच बड़े विनर्स मारने या पावर दिखाने के बारे में नहीं था. नहीं, यह प्रेशर झेलने, एक-एक पॉइंट पर डटे रहने और हर रैली के फाइनल जैसा लगने पर भी पलक न झपकाने के बारे में था. भांबरी और सुरेश हर एक टेंशन वाले पल में बने रहे, तीसरे सेट में बार-बार पीछे धकेले जाने के बाद, फिर से इकट्ठा हुए, सर्व बनाए रखा और मुकाबले को अपनी शर्तों पर वापस ले गए.



### उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को पांच विकेट से हराया

**कानपुर.** काव्य तेवतिया ( 99 ) और अक्षु बाजवा ( 91 रन और छह विकेट ) के पहली पारी में हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मेजबान उत्तर प्रदेश ने सीके नायडू अंडर 23 टूर्नामेंट में चंडीगढ़ को पांच विकेट से हरा कर नाकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है. ग्रीनपार्क मैदान पर चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन रविवार को मेजबान टीम ने मुकाबले को आसानी से अपने पक्ष में कर लिया. चंडीगढ़ ने पहली पारी में 170 रन बनाये थे जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 260 रन बना कर 90 रन की अहम बढ़त हासिल कर ली थी. दूसरी पारी में भी चंडीगढ़ ने औसत प्रदर्शन किया और 185 रन पर पूरी टीम पवेलियन लौट गयी. दुष्यंत थम्मान ( 45 ) ने मेहमान टीम के लिये दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन जोड़े जबकि पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले यूपी के अक्षु बाजवा ने मेहमान टीम के दो बल्लेबाजों को चलता किया.

### चेन्नई ओपन में भारतीयों की शानदार शुरुआत

**चेन्नई.** भारतीय खिलाड़ियों ने कोरोमंडल चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर मेन्स इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में शानदार शुरुआत की, क्योंकि नौ खिलाड़ियों ने रविवार को यहां एसडीएटी स्टेडियम में अपने पहले राउंड के क्वालिफाइंग मैच जीते. उनकी जीत का मतलब था कि सोमवार को चार ऑल-इंडियन फाइनल-राउंड क्वालिफाइंग मैच खेले जाएंगे. चौथी सीड नितिन कुमार सिन्हा ने हमवतन ओगेस थेजो जया प्रकाश के खिलाफ एक घंटे और तीन मिनट में 6-4, 6-1 से आसान जीत हासिल की,



जबकि छठी सीड इशाक इकबाल ने ग्रेट ब्रिटेन के कार्ल होल्डर पर ठीक एक घंटे में 6-2, 6-0 से शानदार जीत दर्ज की. भारतीय खिलाड़ियों ने बड़े उलटफेर भी किए. साई कार्तिक रेड्डी गंटा, जो एक अल्टरनेट के तौर पर ड्रॉ में आए थे, ने कज़ाकिस्तान के पांचवें सीड ग्रिगोरी लोमाकिन को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया, जबकि 20 साल के लेफ्ट-हैंडर आर्यन लक्ष्मणन ने यूक्रेन के आठवें सीड वादिम कोनोवचुक को 6-2, 6-1 से आसानी से हराया.



### बाबूता-वलारिवान ने एयर राइफल में स्वर्ण जीता

**नयी दिल्ली.** भारत के अर्जुन बाबूता और एलावेनिल वलारिवान ने रविवार को नई दिल्ली में चल रही एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम का खिताब जीतकर मेजबान टीम की गिनती में एक और स्वर्ण पदक जोड़ दिया. आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने शुरू से आखिर तक फाइनल में अपना दबदबा बनाए रखा और 505 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया. यह 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम निशानेबाजी फाइनल में नया विश्व रिकॉर्ड स्कोर भी था, जो पिछले महीने स्लोवेनिया में आईएसएसएफ ग्रां प्री में जर्मन जोड़ी हैना बुएहलमेयर और मैक्सिमिलियन उलब्रिच के बनाए 502.7 के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर है.

# इंग्लैंड ने नेपाल को 4 रनों से हराया

## इंग्लैंड ने सात विकेट पर 184 रनों का बनाया था मजबूत स्कोर

### टी-20 का पांचवां मुकाबला इंग्लैंड ने जीता

**मुंबई, 08 फरवरी. नेपाल टी-20 विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंच गया लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम ओवर में धैर्य बनाये रखते हुए टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में रविवार को चार रन से रोमांचक जीत हासिल की.**

इंग्लैंड ने सात विकेट पर 184 रनों का मजबूत स्कोर बनाया. नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका. सैम करन ने बेहतरीन आखिरी ओवर डाला और नेपाल को सिर्फ पांच रन ही बनाने दिये. जबकि 19वें ओवर में नेपाल ने 14 रन बनाये थे. जेकब बेथेल (55) और कप्तान हैरी ब्रूक (53) रनों की अर्धशतकीय शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 184 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया था. 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल ने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये. आसिफ शेख (सात) और कुशल भुर्तेल (29) रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद कप्तान रोहित पॉडेल और दीपेंद्र सिंह ऐरी की जोड़ी ने पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े. 15वें ओवर में सैम करन ने दीपेंद्र सिंह ऐरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा. दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रन बनाये. अगले ही ओवर में लियाम डॉसन ने रोहित पॉडेल को आउट कर पवेलियन भेज दिया. रोहित पॉडेल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये. आरिफ शेख 10 रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लोकेश बम ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए जीत की उम्मीद जगा दी. 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर ल्यूक वुड ने गुलशन झा (एक) को बोल्ड कर अपनी टीम को कुछ राहत दी. नेपाल की टीम को मैच की आखिरी गेंद पर जीत के लिए छक्के की जरूरत थी लेकिन करन ने सिर्फ एक रन दिया.



### पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंचे

जेकब बेथेल ने 35 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (55) और कप्तान हैरी ब्रूक ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की अर्धशतकीय पारियां खेली. वहीं विल जैक्स ने 18 गेंदों में एक चौके और चार छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 39)रन बनाये. जॉस बटलर ने 17 गेंदों में 26 रन बनाये. इंग्लैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके. नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और नंदन यादव ने दो-दो विकेट लिये. शेर मल्ला और संदीप लैमिछाने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

लोकेश बम 20 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद 39 रन बनाकर नाबाद रहे. इंग्लैंड के विल जैक्स (नाबाद 39 और एक विकेट) को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया. इंग्लैंड के लिए लियाम डॉसन ने दो विकेट लिये. जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स और ल्यूक वुड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले आज यहां नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया.

# दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बने शिखर धवन

**नयी दिल्ली, 08 फरवरी. दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है.**

दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिए राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है. इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे. इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा, 'दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है.



# बीसीपीएल कॉर्पोरेट क्रिकेटिंग टैलेंट के लिए नए रास्ते बनाएगा : सौरव



**नयी दिल्ली, 08 फरवरी. भारतीय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज ज़हीर खान ने बीसीपीएल सीजन 4 के ट्रॉफी और जर्सी अनावरण समारोह में ब्रांड एंबेसडर के रूप में हिस्सा लिया.**

यह लीग पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में आयोजित हो रही है, जिसमें दस टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी. गांगुली ने कहा कि बीसीपीएल कॉर्पोरेट पेशेवरों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का मंच देकर उनके सपनों को साकार करने में मदद करेगा, जैसे उनके शुरुआती दिनों में कॉर्पोरेट क्रिकेट ने उन्हें एक्सपोजर दिया था. ज़हीर खान ने भी कॉर्पोरेट समुदाय में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस लीग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया. सीजन 4 पैन-इंडिया स्तर पर होगा और गांगुली इसमें मेंटर की भूमिका निभाएंगे, जबकि जहीर तकनीकी समिति के सलाहकार होंगे.



# लवलीना और अरुंधति की अगुवाई में नौ गोल्ड जीते

लानुसिया, 08 **फरवरी.** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते. एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता.

# भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी : सिराज

## रातोंरात भारत के विश्व कप स्टार बने सिराज

मुंबई, 08 फरवरी. **तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए यह वापसी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रही.**

जर्मनी में लंबी छुट्टियां बिताने और स्पेन जाकर रियल मैड्रिड का मैच देखने की योजना बना चुके सिराज को शायद अंदाजा भी नहीं था कि अगले 24 घंटे में उनकी किस्मत पलटने वाली है. शुक्रवार रात तक मुंबई उनके आईपीएल-पूर्व प्लान का हिस्सा नहीं था, लेकिन एक फोन कॉल ने सब बदल दिया. कप्तान सूर्यकुमार यादव के फोन और उसके बाद राष्ट्रीय चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा की कॉल ने साफ कर दिया कि घायल हर्षित राणा की जगह उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया जा रहा है. सिराज के पास बैग पैक करने और मुंबई की फ्लाइट पकड़ने के लिए बेहद कम समय था, लेकिन उन्होंने इस मौके को पूरी तरह भुनाया. सीधे प्लेइंग इलेवन में उतरते हुए सिराज ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की और भारत की मुश्किल जीत में अहम भूमिका निभाई. 161 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए उन्होंने शुरुआती ओवरों में अमेरिका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी.



**निर्णय** साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे वॉशिंगटन

# दिल्ली में भारतीय टीम से जुड़ेंगे वॉशिंगटन सुंदर : सूर्यकुमार



मुम्बई 08 **फरवरी. भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वॉशिंगटन सुंदर 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले अगले** टी-20 **विश्व कप मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे.**

वॉशिंगटन साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे. उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेला था. उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने चार फरवरी को हुए अभ्यास मैच में उन्हें नहीं खिलाने का निर्णय किया. जसप्रीत बुमराह भी अभ्यास मैच और शनिवार को अमेरिका के खिलाफ हुए मैच में नहीं खेले. अमेरिका के खिलाफ उम्मीद से अधिक कड़े मैच के बाद सूर्यकुमार ने दोनों खिलाड़ियों पर बात की. उन्होंने कहा, 'वॉशिंगटन सुंदर हमारे साथ दिल्ली में जुड़ रहे हैं. वह ठीक हैं और सब कुछ सही है.' मौजूदा हालात में वॉशिंगटन, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बैक-अप हैं. अक्षर पटेल ने अमेरिका के खिलाफ 162 रन के बचाव में 24 रन देकर दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी. अक्षर और वरुण चक्रवर्ती के अलावा जब तक तीसरे स्पिनर की जरूरत न हो, फिट होने के बावजूद वॉशिंगटन एकादश से बाहर रह सकते हैं. फिट होने पर बुमराह टीम में वापस आएंगे.

सूर्यकुमार ने कहा, 'मौसम की वजह से उन्हें तेज बुखार था.' जिसका असर मुंबई में पहले मैच से पहले अभिषेक शर्मा पर भी पड़ा था. बुमराह की गैरमौजूदगी में मोहम्मद सिराज की वापसी हुई, जिन्होंने अखिरी बार जुलाई 2024 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेला था. वापसी करते ही उन्होंने पावरप्ले में दो विकेट लेकर असर डाला और मैच की आखिरी गेंद पर अमेरिका के सर्वोच्च स्कोरर शुभम रांजने को भी आउट किया. सिराज ने 29 रन देकर तीन विकेट झटक कर उन्होंने और बुमराह के लौटने पर भी अपनी जगह बनाए रखने का मजबूत दावा पेश किया.